डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/.....34...../2024 दिनांक: ...20/01...../2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/नोडल प्रभारी,
समस्त सम्बद्ध परीक्षा केन्द्र एवं महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय:– परीक्षाओं से सम्बन्धित सूचनाऐं ऑनलाइन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

राजभवन के निर्देशानुसार अवगत कराना है कि दिनांक 24.01.2024 से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. विषम (Odd) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर एम.ए., एम.कॉम., एम.एस.सी., प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2023 की परीक्षाओं में प्रतिदिन प्रत्येक पाली में उपस्थित, अनुपस्थित एवं यू0एफ0एम0 में आरोपित अभ्यर्थियों की संख्या (छात्र/छात्राओं की अलग–अलग संख्या) का विवरण एवं कक्ष निरीक्षक की उपस्थिति ऑनलाइन भुगतान किये जाने के क्रम में महाविद्यालय की लॉगिन आई0डी0 में लिंक प्रेषित कर दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त सूचना प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारम्भ होने के एक घण्टा के अन्दर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे परीक्षाओं के उपरान्त ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके, साथ ही अग्रेतर यह भी सूच्य है कि प्रतिदिन सूचानऐं अंकित न किये जाने की दशा में अगले दिन सूचनाऐं अंकित नहीं की जा सकेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्य अपनी देखरेख में सम्पन्न कराये।
2. उपकुलसचिव, लेखा को इस आशय के साथ प्रेषित कि राजभवन के आदेश एवं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में ऑनलाइन भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. वित्त अधिकारी कार्यालय।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक